www.facebook.com/kheldhaba www.youtube.com/kheldhaba www.twitter.com/kheldhaba www.kheldhaba.com



# खेल ढाबा

पटना, शुक्रवार, 15 सितम्बर, 2023, ई-पेपर
RNI NUMBER APPLIED





विश्व कप से पहले चार फिट तेज गेंदबाज होना अच्छा : पारस म्हाम्ब्रे पेज 04
छेत्री ने 'क्लब बनाम देश' के सवाल पर राष्ट्रीय टीम को प्राथमिकता दी पेज 03
अदालत से पहलवान बजरंग पूनिया को मिली बड़ी राहत पेज 03
पृथ्वी शॉ की मुश्किलें बढ़ीं, महीनों रह सकते हैं क्रिकेट से दूर पेज 04

## संक्षिप्त खबरें

### क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने किया नेकगार्ड पहनना अनिवार्य

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने सभी अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों के लिए एक अक्टूबर से नेकगार्ड (गले की सुरक्षा के लिये उपकरण) पहनना अनिवार्य कर दिया है। वर्ष 2023-24 की खेलने की नई शर्तो और नियमों के तहत ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तेज या मध्यम तेज गेंदबाजों का सामना करते हुए नेकगार्ड पहनना जरूरी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात सितंबर को पहले वनडे के दौरान कैगिसो रबाडा का बाउंसर कैमरन ग्रीन के गले में लगने के बाद यह फैसला लिया गया। गेंद ग्रीन के हेलमेट में फिक्स नेकगार्ड पर टकराई और उन्हें कनकशन (सिर की चोट) के कारण बाहर जाना पड़ा। सीए के इस फैसले का डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ियों पर असर पड़ेगा जो इसे पहनने से परहेज करते आये हैं। यह नियम स्पिनरों का सामना करते हुए या विकेटकीपरों और करीबी फील्डरों पर लागू नहीं होगा।

### उनादकट और जयंत ने चटकाये 5-5 विकेट

**लंदन।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट और स्पिनर जयंत यादव ने इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीमों क्रमशः ससेक्स और मिडिलसेक्स के लिए पांच-पांच विकेट झटके। वामहस्त गेंदबाज उनादकट ने लीसेस्टरशर के खिलाफ दूसरी पारी में 32.4 ओवर में 94 देकर छह विकेट लिये और टीम को 15 रन की रोमांचक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने मैच की पहली पारी में भी तीन विकेट लिये थे। ससेक्स के कप्तान और दिग्गज भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने इस मैच की दोनों पारियों में 26 और 23 रन बनाये। उन्होंने इस दौरान लीसेस्टरशर के सलामी बल्लेबाज ऋषि पटेल का शानदार कैच भी लपका। इस जीत से टीम के डिवीजन एक में क्वालीफाई करने की उम्मीदें मजबूत हुई है। जयंत ने मैनचेस्टर में डिवीजन एक के मैच में लंकाशर के खिलाफ 33 ओवर में 131 रन देकर पांच विकेट चटकाये। मिडिलसेक्स और लंकाशर का यह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा।

## अंदर के पन्नों पर

▶एशियन गेम्स : भारतीय दल में 22 नए खिलाड़ी पेज-3 पर
▶डेविस कप के लिए भारतीय टीम घोषित पेज-3 पर
▶मीडिया कप फुटबॉल : अजय और शंख सेमीफाइनल में पेज-2 पर
▶चंपा देवी मेमोरियल झारखंड स्टेट टेबुल टेनिस 30 सितंबर से पेज-2 पर

एशियन खेलों की खबरें पेज-3 जबकि एशिया कप क्रिकेट के समाचार पेज-4 पर देखें




### आखिरी गेंद पर जीता श्रीलंका, पाकिस्तान एशिया कप से बाहर

दुनिया की वनडे रैंकिंग की नंबर-1 टीम पाकिस्तान एशिया कप इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबले में पराजित हो कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। दिलों की धड़कन रोक देने वाले इस मैच में दो विकेट की जीत के साथ ही गत चैंपियन श्रीलंका फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर गया, जहां 17 सितंबर को उसका सामना रिकॉर्ड सात बार की चैंपियन भारतीय टीम से होगा। खिताबी मुकाबला भी कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में ही खेला जाएगा। पाकिस्तान बनाम श्रीलंका मैच बारिश के चलते दो घंटे देरी से शुरू हुआ। पहले 45-45 और फिर 42-42 ओवर कर दिया गया मैच को। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चोटिल खिलाड़ियों से जूझ रही पाकिस्तान ने 252/7 का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका को आखिरी ओवर में आठ तो आखिरी गेंद पर दो रन बनाने थे और उसके सात विकेट भी गिर चुके थे, लेकिन चरिथ असलंका (नाबाद 49 रन) ने खुद पर दबाव नहीं आने दिया और दो रन लेते हुए अपनी टीम को 11वीं बार एशिया कप के फाइनल में इंट्री दिलवा दी।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत के नाम दर्ज हुई बड़ी उपलब्धि

### '2023 टाइम100 नेक्स्टः द इमर्जिंग लीडर्स शेपिंग द वर्ल्ड' सूची में तीन भारतीयों हरमनप्रीत कौर, नंदिता वेंकटेशन और वीनू डेनियल को शामिल

न्यूयॉर्क, 14 सितंबर

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित तीन भारतीयों को टाइम पत्रिका ने दुनिया को प्रभावित करने वाले शीर्ष 100 उभरते नेतृत्वकर्ताओं के तौर में नामित किया था। बुधवार को जारी '2023 टाइम100 नेक्स्टः द इमर्जिंग लीडर्स शेपिंग द वर्ल्ड' सूची में हरमनप्रीत के अलावा भारत से नंदिता वेंकटेशन और वीनू डेनियल को शामिल किया गया। इसमें भारतीय मूल के नवारुण दासगुप्ता को भी जगह मिली है। टाइम पत्रिका ने कहा कि भारतीय कप्तान ने अपनी 'आक्रामकता और हुनर से महिला क्रिकेट को दुनिया की सबसे मूल्यवान खेल संपत्तियों में से एक में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, ''चौंतीस साल की हरमनप्रीत ने 2017 में उस समय महान खिलाड़ी का तमगा हासिल किया था जब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप मैच में सिर्फ 115 गेंदों पर नाबाद 171 रन बनाये थे। इस पारी से दर्शक उनकी असाधारण प्रतिभा से आश्चर्यचकित हो गए। इसमें भारतीय टीम के बांग्लादेश के दौरे को लेकर कहा गया है कि यह क्रिकेटर अब भी सुर्खियां बटोर रही हैं। हरमनप्रीत ने जुलाई में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के ड्रॉ मैच के दौरान अंपायरों की आलोचना की थी। इसके कारण उन्हें दो मैचों से निलंबित



कर दिया गया और मैच फीस का 75 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था। इस साल मार्च में हरमनप्रीत को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती सत्र में मुंबई इंडियन्स का कप्तान बनाया गया। पांच टीमों की इस प्रतियोगिता में उनकी टीम चैम्पियन बनीं। डब्ल्यूपीएल की पांच टीम को खरीदने के लिए इस साल जनवरी में फ्रेंचाइजी ने कुल 570 मिलियन डॉलर (लगभग 47 अरब रुपये) खर्च किये थे।

# चक्रधरपुर, जमशेदपुर व रामगढ़ टॉप-8 में

**झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता**

गढ़वा,14 सितंबर

गढ़वा जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के गुरुवार को चार मैच खेले गए जिसमें चक्रधरपुर, जमशेदपुर और रामगढ़ की टीमों ने जीत हासिल की। ये तीनों टीमें जीत हासिल कर क्ववार्टरफाइनल का टिकट कटा ली हैं। इनके अलावा रांची, सरायकेला खरसावां, बोकारो और गोड्डा ने भी अंतिम 8 में अपनी जगह पक्की कर ली है।

क्वार्टरफाइनल में रांची का मुकाबला बोकारो, सरायकेला खरसावां का मुकाबला गोड्डा, जमशेदपुर का मुकाबला चक्रधरपुर और रामगढ़ का मुकाबला धनबाद बनाम गिरीडिह की विजेता टीम से होगा।

### चक्रधरपुर बनाम चाईबासा

स्थानीय रामा साहू के मैदान में दो मैच आयोजित किये गए। यहां खेले गए प्रथम मैच चक्रधरपुर ने चाईबासा को 3-1 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच टीम के शिव शंकर किस्कू को दिया गया है। इससे पहले मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड फुटबॉल संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह पेयजल एवं स्वचछता मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर ने खिलाड़ियों को परिचय प्राप्त कर किया। इस मैच में चक्रधपुर की ओर से जयपाल सिरसा ने 13वें, शिवशंकर ने 15वें और विमल कुमार ने 48वें मिनट में गोल किया। चाईबासा की ओर से महेंद्रबारी ने गोल किया।

### जमशेदपुर बनाम साहिबगंज

दूसरा मैच में जमशेदपुर एवं साहिबगंज के बीच खेला गया जिसमें जमशेदपुर की टीम ने 4-0 से विजय रही। इस मैच में जमशेदपुर की ओर से साधु मरांडी ने 18वें, विकास नायक ने 23वें और 62वें जबकि आशामन हेम्ब्रम ने 87वें मिनट में गोल किया।

### रामगढ़ बनाम घाटशिला

इसके अलावा रंका में उच्च विद्यालय का मैदान में खेले गए रामगढ़ बनाम घाटशिला के मैच में रामगढ़ की टीम में 5-0 से विजय हासिल किया। यहां रामगढ़ की टीम में फर्स्ट हाफ में दो गोल एवं सेकंड हाफ में तीन गोल कर मैच को अपने कब्जे में ले लिया। मैन ऑफ द मैच राजेश टुडू को दिया गया। इस मैच में रामगढं की ओर से नरेंद्र ने 6वें और 62वें, समीर मुंडा ने 23वें, कमलेश वैद्या ने 48वें और फूलचंद सोरेन ने 77वें मिनट में गोल किया। इससे पहले बीडीओ देवानंद राम, प्रमुख हेमंत लकड़ा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने सामूहिक रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच को शुरू किया गया। प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि 19 सितंबर को फाइनल मैच रंका में ही खेला जाएगा। इसको लेकर तैयारी जोरों पर है। फाइनल मैच को तैयारी को लेकर गढ़वा विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग कंचन साहू ने गुरुवार को मैदान का जायजा लिया. और झामुमो कार्यकर्ताओं को मैदान और सुदृढ़ करने की बात कही।

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

आज के मैच के उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। यहां के खिलाड़ी को इस प्रेरणा लेनी चाहिए। खेल को खेल की भावना से खेलने चाहिए। आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र में एक अलग उत्साह है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रतिदिन मैच आयोजित कराया जा रहे हैं जिसमें दर्शकों की काफी भीड़ उमड़ रही है। मैच को देखने के लिए काफी उत्साहित है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष राज महेश्वरम, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र



पाठक, खेल प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, नेशनल प्लेयर बीएम पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, ऑफिसियल अरविंद कुमार, जगगरनाथ राम, शुशील तिवारी, अजयकांत, रामा शंकर सिंह, किशोर कुणाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बारिश से बाधित हुआ धनबाद बनाम गिरिडीह मुकाबला

चिनिया प्रखंड के चिरका के आईटीआई के मैदान में झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें धनबाद व बनाम गिरीडीह के बीच मैच खेला गया। मैच बारिश के कारण अधूरा रह गया जो शुक्रवार को दोबारा खेला जायेगा। दर्शक शाम तक मैच का आनंद लेते रहे। यहां हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे। वही हाफ सेकंड के बाद क्षेत्रीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर खेल के मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर फुटबॉल संघ के जिला अध्यक्ष आलोक मिश्रा, क्रिकेट संघ के जिला सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, फुटबॉल संघ के शैलेंद्र पाठक, जिला खेल पदाधिकारी जिला 20 बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, मोहम्मद फरीद, अरविंद यादव, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, धीरज पांडे सहित कई जेएमएम नेता व डीडीसी राजेश कुमार मौजूद थे।

**हांगझोउ एशियाई खेलों** — **40 खेलों की कुल 61 स्पर्धाएं होंगी आयोजित, कई नये और कुछ की वापसी**

# ईस्पोटर्स से लेकर ब्रेकडांसिंग नये खेलों पर इस बार होगी नजरें


नईदिल्ली, 14 सितंबर

दुनिया भर में युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय ई स्पोर्ट्स और ब्रेकडांस हांगझोउ एशियाई खेलों में पदार्पण करेंगे तो दुनिया भर की नजरें इन स्पर्धाओं पर रहेगी। पिछले साल ही होने वाले एशियाई खेल स्थगित होने के बाद 23 सितंबर से शुरू होंगे इसमें ई स्पोटर्स और ब्रेक डांसिंग नये खेल हैं जबकि शतरंज और क्रिकेट क्रमशः 2010 और 2014 के बाद वापसी करेंगे।

### जो नये खेल हैं

**ईस्पोटर्स :** इसे 2018 खेलों में नुमाइशी खेल के तौर पर शामिल किया गया। वहां इसकी लोकप्रियता देखते हुए इसे हांगझोउ में पदक स्पर्धा के रूप में शामिल करने का फैसला लिया गया। यह पेशेवर खेल की तरह है लेकिन आमने-सामने मुकाबले की बजाय दर्शक वीडियो गेमर को एक दूसरे से भिड़ते देखते हैं इसमें सात वीडियो गेम डोटा 2, फीफा ऑनलाइन 4, लीग आफ लीजैंड्स, एरेना आफ वेलोर, ड्रीम थ्री किंगडम्स, पबजी मोबाइल और स्ट्रीट फाइटर फाइव खेले जायेंगे। भारत ने 15 सदस्यीय पुरुष टीम भेजने का फैसला किया है जिसें चरणजोत सिंह, कृष गुप्ता और केतन गोयल जैसे धुरंधर हैं। भारत को फीफा आनलाइन 4 में पदक मिलने की उम्मीद है जिसमें वह दुनिया में 13वें और एशिया में तीसरे स्थान पर है।

**ब्रेकडासिंग :** पेरिस ओलंपिक में पदार्पण करने जा रहे ब्रेकडासिंग या ब्रेकिंग खेल को पहली बार एशियाई खेलों में जगह मिली है। आलोचकों में इस बात को लेकर बहस




है कि यह खेल है या नृत्य की एक शैली लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने इसे खेल के रूप में मान्यता दी है। भारत इस खेल में हिस्सा नहीं ले रहा है क्योंकि खेल मंत्रालय के मानदंडों पर खरा नहीं उतरने के कारण चार सदस्यीय टीम को मंजूरी नहीं मिली है।

### शतरंज और क्रिकेट की वापसी

**शतरंज :** चौसठ खानों का यह खेल 13 साल बाद एशियाई खेलों में लौट रहा है। भारत के लिए इसकी वापसी का यह सबसे बेहतर समय है क्योंकि आर प्रज्ञानानंदा , डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी जैसे युवा खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। दोहा एशियाई खेल 2006 में शतरंज खेला गया था जिसमें भारत ने महिला व्यक्तिगत रैपिड (कोनेरू हम्पी) और मिश्रित टीम स्टैंडर्ड ( कृष्णन शशिकिरण , पेंटाला हरिकृष्णा और कोनेरू हम्पी) में स्वर्ण पदक जीते थे । ग्वांग्झू में 2010 खेलों में भारत को सिर्फ दो कांस्य पदक मिले। हाल ही में फिडे विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बाद भारत की पदक की उम्मीदें बढी हैं ।

**क्रिकेट :** एशियाई खेलों में 2018 के बाद क्रिकेट की वापसी टी20 प्रारूप में होगी। ग्वांग्झू में 2010 और इंचियोन में 2014 खेलों में क्रिकेट शामिल था लेकिन भारत ने टीम नहीं भेजी थी। इस बार भारत महिला और पुरुष दोनों वर्गों में टीम भेज रहा है। पुरुष टीम के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ हैं जबकि महिला टीम की कमान हरमनप्रीत कौर के हाथ में होगी।

खेलढाबा.कॉम के साथ जुड़कर अपने बिजनेस को दें नई उड़ान
विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
Call For Advertisment
7870100025

## संक्षिप्त खबरें

### डेविस कपः कनाडा ने इटली को हराया

डेविस कप मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड में मैनचेस्टर में ब्रिटेन से 1-2 से हार मिली। ऑस्ट्रेलिया ने दोनों एकल मैच गंवा दिये। अमेरिका ने मेजबान क्रोएशिया को 2-1 से शिकस्त दी । इटली को 3-0 से हराया जबकि अमेरिका, ब्रिटेन और चेक गणराज्य ने भी जीत से शुरुआत की। कनाडा ने डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स के ग्रुप चरण में इटली को 3-0 से हराया जबकि अमेरिका, ब्रिटेन और चेक गणराज्य ने भी जीत से शुरुआत की। खिताब की बचाव की कोशिश में जुटे कनाडा के लिए एलेक्सिस गालारनियू, गैब्रियल डियालो ने बोलोगना में अपने मुकाबले जीते जिसके बाद गालारनियू ने वासेक पोस्पिसिल के साथ मिलकर युगल मुकाबला भी अपने नाम किया। कनाडा ने पिछले साल फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था। दोनों टीम ने सीधे फाइनल्स के ग्रुप चरण के लिये क्वालीफाई किया था।

### एफआईबीए महिला विश्व रैंकिंग में अमेरिका टॉप पर

**मिज़ (स्विट्ज़रलैंड)।** अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (एफआईबीए) रैंकिंग में टॉप-5 टीमों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और संयुक्त राज्य अमेरिका जारी नई एफआईबीए महिला विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर है। अमेरिका 834.6 अंकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि एफआईबीए महिला एशिया कप 2023 जीतने वाला चीन 687.1 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और कनाडा अगली तीन टीमें हैं। एफआईबीए महिला यूरोबास्केट जीतने के बाद बेल्जियम छठे स्थान पर पहुंच गया, जिससे अब फ्रांस सातवें स्थान पर है। ब्राजील, जिसने एफआईबीएमहिला अमेरीकी कप के फाइनल में एक युवा अमेरिकी टीम को हराया, जापान और सर्बिया से आगे आठवें स्थान पर पहुंच गया। नई अफ्रीकी चैंपियन नाइजीरिया 528.9 अंकों के साथ 11वें स्थान पर है।

### मोटो जीपी भारत के लिए बाइक और उपकरण बुद्ध सर्किट पहुंचने लगे

**ग्रेटर नोएडा।** मोटो जीपी भारत के लिए बाइक और उपकरण गुरुवार से भारत आने शुरू हो गए और इन्हें बुद्ध अंतरराष्ट्रीय सर्किट ले जाया गया है जहां रेस 22 से 24 सितंबर तक होगी। मोटो जीपी भारत में 40 टीम के 80 राइडर हिस्सा लेंगे जिसमें डुकाती के फ्रांसेस्को बेगनेइया, होंडा के मार्क मारक्वेज, मूनी के मार्को बेजेची, रेड बुल केटीएम के ब्रेंड बिंडर और जैक मिलर तथा प्राइमा के जॉर्ज मार्टिन शामिल हैं। आयोजकों ने बयान में कहा, ''रेस में सिर्फ एक हफ्ता बचा होने के कारण सुपर बाइक, उनके इंजन, टायर और सुरक्षा बैरियर नयी दिल्ली पहुंचे और उन्हें आयोजन स्थल पर पहुंचाया गया।''

### वियतनाम ओपन बैडमिंटनः सिमरन-रितिका की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

**हो चि मिन्ह सिटी।** सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर की प्रतिभाशाली महिला युगल जोड़ी ने वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को यहां क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की जबकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों की चुनौती समाप्त हो गयी। तीसरी वरीयता प्राप्त सिमरन और रितिका ने दूसरे दौर में मलेशिया की ली जी किंग और देसरी हाओ शान सियो की जोड़ी को 21-10, 21-18 से हराया। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए इस भारतीय जोड़ी को चीनी ताइपे की जियांग यी-हुआ और ली जी किंग की जोड़ी से पार पाना होगा। महिला युगल में अदिति भट्ट और तान्या हेमंत को हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में बोक्का नवनीत एवं कुक्कापल्ली मनीषा तथा चनायत जोशी एवं काव्य गुप्ता की जोड़ी को शिकस्त मिली। सतीश कुमार करुणाकर एवं आद्या वारियथ की पुरूष युगल और काव्या गुप्ता एवं दीपशिखा सिंह की महिला युगल जोड़ी भी प्रभावित करने में नाकाम रही।

### गोल्फर नेहा त्रिपाठी को दो शॉट की बढ़त

**गुड़गांव।** नेहा त्रिपाठी ने दूसरे दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ गुरुवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 12वें चरण में दो शॉट की बढ़त बना ली। पहले दौर में 68 का कार्ड खेलने वाली नेहा का कुल स्कोर नौ अंडर 135 है। रिया यादव दूसरे दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर से कुल सात अंडर 137 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर चल रही हैं। अस्मिता सतीश (71 और 70) और गौरिका बिश्नोई (69-72) तीन अंडर 141 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

### हांगकांग ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती समाप्त

**कोलून (हांगकांग)।** महिला युगल प्री क्वार्टर फाइनल में दोनों जोड़ियों के हारने के साथ ही हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की अप्रियानी राहायू और सिति फाडिया सिल्वा रानाधंती ने 36 मिनट में 21-8, 21-14 से हराया। इसके बाद तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को जापान के मायु मत्सुयामा और वाकाना नागाहार ने 21-18, 21-7 से मात दी।

## कार्मेल हाईस्कूल,पटना की वॉलीबॉल टीमें घोषित



भागलपुर के माउंट असीसी स्कूल में आयोजित होने वाली सीआईएससीई रिजनल वॉलीबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए कार्मेल हाईस्कूल,पटना की अंडर-17 व अंडर-17 बालिका वर्ग की टीमें रवाना हो गई हैं। यह प्रतियोगिता 15 और 16 दिसंबर को आयोजित की जायेंगी। टीम की घोषणा स्कूल की प्राचार्या सिस्टर मृदुला के हस्ताक्षर से की गई है। टीम इस प्रकार है- अंडर-17 : माधविका श्री, आकांक्षा राज, मैत्री सिंह, अनुष्का थापा, सीजा-उर-रहमान, साक्षी कुमारी, अनिष्का चंद्रा, जरा इमाम, आरोही गौतम, वैष्णवी मिश्रा, यामिनी सौम्या, वैष्णवी कुमारी। अंडर-19 : स्वर्णिम कुमुद, आकांक्षा कुमारी, नाव्या श्रीवास्तव, एश्वर्या राज, नाव्या कुमारी, मन्नत सिन्हा, सुहानी कुमारी,तुलसी केसरी, अर्चिता शंकर, अदिति सिन्हा, शैलवी शर्मा, सृष्टि कुमारी। टीचर-कॉर्डिनेटर : सीमा सिन्हा और सौरभ कुमार।

## द्वितीय झारखंड स्टेट क्लोज्ड स्क्वैश चैंपियनशिप आज से रांची में

**रांची, 14 सितंबर**

झारखंड स्क्वैश रैकेट संघ एवं एसआरएफआई के तत्वावधान में तीन दिवसीय द्वितीय झारखंड स्टेट क्लोज्ड स्क्वैश चैंपियनशिप का उद्घाटन 15 सितम्बर को अलबर्ट एक्का चौक स्थित क्रास कोर्ट में होगा। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक एवं कोषाध्यक्ष शिवेन्द्र नाथ दुबे द्वारा किया जाएगा। इस चैंपियनशिप में झारखंड स्क्वैश रैकेट संघ के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर वरुण कुमार, विशेष तौर पर उपाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, कोच आशीष कुमार बनर्जी एवं ओनर क्रास कोर्ट श्वेता बुधिया तथा चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ी एवं उनके अभिभावक भी मौजूद रहेंगे। इस राज्य प्रतियोगिता में कुल 92 खिलाड़ियों को दमखम देखने का अवसर मिलेगा। शुभारम्भ में बालक ग्रुप-11 के अनय चंदोक और वसंज सिंघानिया के बीच मैच खेला जाएगा। समापन 17 सितंबर को होगा।

## गोस्सनर कॉलेज सिमडेगा और एसटी ब्रदर सिमडेगा सेमीफाइनल में

**सिमडेगा जिला सीनियर हॉकी**

**सिमडेगा, 14 सितंबर**

हॉकी सिमडेगा द्वारा आयोजित 18वीं मेजर ध्यानचंद सिमडेगा जिला सीनियर हॉकी चैंपियनशिप 2023 के पुरुष वर्ग में गोस्सनर कॉलेज सिमडेगा और एसटी ब्रदर सिमडेगा ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

हॉकी सिमडेगा द्वारा 29अगस्त से एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस चैंपियनशिप में आज पुरुष वर्ग खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में गोसनर कॉलेज सिमडेगा ने आदिवासी बालक कल्याण छात्रावास सिमडेगा को 5-1से तथा दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में एसटी ब्रदर सिमडेगा ने श्री माधव हरि बालक छात्रावास सिमडेगा को संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 2-1से पराजित कर सेमीफानल में प्रवेश किया।

महिला वर्ग में एसएस बालिका उच्च विद्यालय सिमडेगा की टीम ने आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा को 21-0 से पराजित किया। शुक्रवार यानी 15 सितंबर को पुरुष वर्ग का दो क्वार्टरफा फाइनल मैच लिटिल टाइगर बी टीम और एसटीसी सिमडेगा, लिटिल टाइगर क्लब ए और कोचेडेगा के बीच खेला जाएगा। आज के आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी, सुनील तिर्की, पंखरासियुस टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, बसंत बा, वेद प्रकाश,अनु राहुल मिंज, प्रतिमा तिर्की, करिश्मा परवार, कुनुल भेंगरा,सुजीत एक्का, एलशन किड़ो इत्यादि की प्रमुख भूमिका निभाई।



## अजय और शंख सेमीफाइनल में

**मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता**

▶ शुक्रवार को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए टीम गंगा व टीम मयूराक्षी तथा भैरवी व दामोदर होंगे आमने-सामने

**रांची, 14 सितंबर**

मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में गुरुवार को टीम अजय और टीम शंख ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया। लगातार दूसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बने प्रमोद कुमार सिंह के दो गोल और राजेश कुमार सिंह के एक गोल की बदौलत टीम अजय ने टीम मयूराक्षी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर ग्रुप बी में टॉपर बनते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रमोद सिंह ने मैच के 14वें और 28वें मिनट में गोल दागा जबकि राजेश सिंह ने मैच के 37वें मिनट में गोल दागा।

गुरुवार को दूसरे मुकाबले में मुकाबले में शंख ने दामोदर को 2-0 से हराकर ग्रुप ए की टॉपर टीम बनते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। शंख की ओर से प्लेयर ऑफ द मैच नूतन तिर्की ने मैच के 17वें मिनट में और रणजीत ने मैच के 29वें मिनट में गोल दाग शंख को सेमीफाइनल तक पहुंचाया।

दूसरे दिन के मैच की शुरुआत खेल प्रशासक जगदीश सिंह जग्गू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि खेल प्रशासक जगदीश सिंह जग्गू और खबर मंत्रा के एमडी गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से दिया। दूसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जावेद अख्तर व धर्मेन्द्र गिरी ने संयुक्त रूप से दिया।



### शुक्रवार के मैच

सुबह 8 बजे से : टीम भैरवी बनाम टीम दामोदर
सुबह 9 बजे से : टीम गंगा बनाम टीम मयूराक्षी

## तमिलनाडु के सेकर पचाई और मोनिका पुगाझारसु विजेता

### पाल्कबे स्टैंड-अप पैडल (एसयूपी) चैलेंज 2023

**रामेश्वरम, 14 सितंबर**

तमिलनाडु के सेकर पचाई और मोनिका पुगझारसु ने पाल्कबे स्टैंड-अप पैडल (एसयूपी) चैलेंज 2023 के पहले दिन क्रमशः तकनीकी पुरुष और महिला वर्ग में अपने खिताब को सफलतापूर्वक बरकरार रखा। सेकर और मोनिका के प्रयासों से मेजबान राज्य को पहले दिन उपलब्ध चारों खिताबों में जीत हासिल करने में मदद मिली।

यहां पीरप्पनवलसी बीच पर प्रतिस्पर्धा करते हुए, सेकर ने 2 किमी की दौड़ में 13:22.30 मिनट का समय दर्ज किया, जबकि तमिलनाडु के मणिकंदन एम 13:32.07 मिनट के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तमिलनाडु की संथोसन एस ने 14:07.01 मिनट के समय के साथ मेजबान टीम के लिए क्लीन स्वीप पूरा किया। मोनिका पुगाझारसु 22:39.24 के समय के साथ सफलतापूर्वक अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे रहीं। तमिलनाडु की विजयलक्ष्मी इरुलप्पन 27:56.04 मिनट के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि कर्नाटक की सिंचना डी गौड़ा ने 29:50.90 मिनट में दौड़ पूरी कर तीसरा स्थान हासिल किया। पाल्कबे एसयूपी चैलेंज के रेस निदेशक नवाज जब्बार ने कहा, पानी में लहरें नहीं थीं लेकिन हवा के झोंके चलने की वजह से स्थितियाँ भ्रामक थीं। दिशा में थोड़े बदलाव के साथ हवाएं स्थिर थीं, जिससे स्प्रिंट और तकनीकी दौड़ के लिए स्थितियां चुनौतीपूर्ण हो गईं, पाल्कबे एसयूपी चैलेंज के रेस निदेशक नवाज जब्बार ने कहा।



### नवीन ने स्प्रिंट मिक्स्ड ग्रोम्स श्रेणी जीती

स्थानीय खिलाड़ी नवीन आनंदी ने स्प्रिंट मिक्स्ड ग्रोम्स (अंडर-16) में 200 मीटर की दौड़ 1:30.20 मिनट के समय में पूरी कर खिताब जीता। उन्होंने कर्नाटक के आकाश पुजार की कड़ी चुनौती को पार किया, जो 1:30.70 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। एक अन्य स्थानीय खिलाड़ी प्रवीण बूमी उसी श्रेणी में 1:35.73 मिनट का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहे।

### अजित गोविंद ने तकनीकी पुरुष (ओपन) वर्ग जीता

अजित गोविंद के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें इस वर्ग में खिताब की ओर अग्रसर किया। उन्होंने 2 किलोमीटर की दौड़ 16:52.84 में पूरी की और सेल्वारासन नागामुथु (17:07.81) और सुजन जानकीरमन (18:42.05) से आगे रहे जिन्होंने दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया और श्रेणी में तमिलनाडु के लिए क्लीन स्वीप किया। स्प्रिंट मेन : चैंपियनशिप की शुरुआत स्प्रिंट मेन (200 मीटर) वर्ग में सेमीफाइनल से हुई, जहां दो हीट आयोजित की गईं।

## 37वां नेशनल गेम्स गोवा में धनबाद की दो खिलाड़ी योगा स्पर्धा में लेंगी भाग





**धनबाद, 14 सितंबर**

धनबाद जिला योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के दो खिलाड़ी अंजु दत्ता एवं दीपशिखा दान गोवा में आयोजित 37वां नेशनल गेम्स में आर्टिस्टिक योगासन इवेंट में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। इनकी इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों एवं उनके कोच प्रदिप्ता बनर्जी को राज्य संघ के महासचिव विपिन कुमार पाण्डेय, जिला संघ के संरक्षक परीक्षित पाण्डेय, मंजीत सिंह, अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डा.शैलेश कुमार, विरेन्द्र रवानी, दीपांकर बरारी, प्रियंका कुशवाहा, आरती कुमारी सिंह, आरती शर्मा, नेहा कपूर, प्रियंका कुशवाहा, कुमारी अनामिका, संजय यादव, जशपाल सिंह, विजय कुमार विशाल, राज कपूर, अशोक गुप्ता एवं सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी। यह जानकारी संघ के सचिव कुणाल कुमार ने दी। गोवा में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 25 अक्टूबर से 9 नवंबर के बीच होगा।

## पूर्णिया : पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-6 को लकेर निर्णायकों की हुई बैठक



**पूर्णिया, 14 सितंबर**

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-6 प्रतियोगिता हेतु बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबुल टेनिस, फुटबॉल एवं क्रिकेट के मैच रेफरी की बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ रंगकर्मी व आयोजन समिति वरिष्ठ सदस्य मिथिलेश राय ने की। मिथिलेश राय ने कहा कि विद्यालय, क्लबों, आमंत्रित टीमों व खिलाड़ियों की उत्साह देख मैं आश्चर्यचकित हूं। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने पूर्णिया परिक्षेत्र में क्रांति ला दी है। उनके प्रयास से नन्हे-मुन्ने बच्चे-बच्चियां सभी खेलों में खेलते नजर आएंगे और मैदान की रौनक ही कुछ और होगी। खिलाड़ियों को इंतजार है 29 सितम्बर का।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि 15 सितंबर को रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि है। रजिस्ट्रेशन तिथि समाप्त होते ही 18 सितंबर को विभिन्न खेलों के टीम मैनेजर एवं कप्तानों की बैठक पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में रखी गई है। जिसमें प्रत्येक खेलों के लिए नियम व शर्तें, पनोरमा स्पोर्ट्स टॉर्च के समय, ड्रॉ के माध्यम से टाईसीट, उद्घाटन समारोह आदि विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, बिमल मुकेश, मो एजाज अहमद, अमित लकड़ा, अमृत साजन, पुनित कुमार सिंह, हरिओम झा आदि उपस्थित थे।

## चंपा देवी मेमोरियल झारखंड स्टेट टेबुल टेनिस 30 सितंबर से रांची के जेके इंटरनेशनल स्कूल में



**रांची।** चंपा देवी झारखंड तीसरी स्टेट रैंकिंग टेबुल टेनिस चैंपियनशिप आगामी 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रांची के जेके इंटरनेशनल स्कूल में किया जायेगा। रांची जिले के टेबुल टेनिस प्लेयर्स इसमें शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 23 सितंबर की शाम पांच बजे तक इच्छुक प्लेयर्स रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रांची जिला टेबुल टेनिस एसोसिएशन के सचिव सुदिप्त मुखर्जी के पास इसके लिए संपर्क (फोन नं- 9431584636) किया जा सकता है। इस चैंपियनशिप में अलग-अलग आयु वर्ग के इवेंट्स होंगे। इनमें लड़के, लड़कियों ( सिंगल) के अंडर-11, 13, 15, 17 और 19 के इवेंट्स शामिल हैं. विस्तृत जानकारी के लिए रांची जिला टेबुल टेनिस संघ से संपर्क करना होगा।



## बॉस्केटबॉल में जीडी गोयनका स्कूल की धमाकेदार जीत

**गया।** स्थानीय जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल में चल रहे खेलो इंडिया सिटी बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन कुल 12 मैच खेले गये। इन मैचों में मेजबान जी डी गोयनका की टीम ने धमाकेदार जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जी डी गोयनका ने 24-12 से डीएवी को हराया। पीयूष राज,आयुष कुमार और शादीन ने अच्छे अंक बटोरे। क्रेन स्कूल गया, डीपीएस, जीबीएसएस टेकारी, आर्मी पब्लिक, क्रेन शेरघाटी, कर्क व्यू एवं संत मैरी स्कूल ने जीत हासिल की। 15 सितंबर को क्वार्टर फाइनल मैच खेला जाएगा। इस मौके पर मौजूद जीडी गोयनका के प्रधान अध्यापक गिरजा पांडे, डीन- आकिब जिया, गतिविधि प्रभारी राकेश सिन्हा, एथलेटिक संघ के सचिव जितेंदर कुमार, गया जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव सरवर अली थे। इस की जानकारी बास्केटबाल प्रशिक्षक मो फैजान खान ने दी।



चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों में भाग लेने वाली भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम। इस टीम के मुख्य कोच झारखंड के जयदीप सरकार हैं।

# भारतीय दल में 22 नए खिलाड़ी

**नई दिल्ली, 14 सितंबर**

खेल मंत्रालय ने गुरुवार को आगामी एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल की एक संशोधित सूची साझा की जिसमें 22 नए खिलाड़ियों को शामिल किया गया और 25 लोगों को बदला गया है जिसमें एथलीट, कोच और सहायक स्टाफ शामिल है।

मॉडर्न पेंटाथलन को भी सूची में जोड़ा गया जिससे भारत इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में 39 खेलों में चुनौती पेश करेगा। चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों में भारत के 655 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जबकि उनके साथ 260 कोच और सहायक स्टाफ जाएगा। निशानेबाजी में भारत ने मनीषा कीर, प्रीति रजक और अंगद वीर सिंह बाजवा को टीम में शामिल किया है जबकि एथलेटिक्स में अमलान बोरगोहेन, प्रीति और प्राची को टीम में जगह मिली है। जू-जित्सु खेल में अन्वेषा देब, निकिता चौधरी, उमा महेश्वर, कमल सिंह और तरूण यादव शामिल हुए हैं।

जान्हवी चौधरी को एक्वाटिक्स जबकि सूरज यादव को वुशु में जोड़ा गया है। मयंक चाफेकर मॉर्डन पेंटाथलन में एकमात्र एथलीट होंगे।

विशाल रुहिल, केशव, सुचिका तरियाल और ज्योति टोकस कुराश में चार अतिरिक्त खिलाड़ी हैं। पुरुषों की टीम परस्यूट साइकिलिंग में वेंकप्पा शिवप्पा केंगलगुट्टी, नीरज कुमार, मंजीत कुमार और दिनेश कुमार के रूप में चार और खिलाड़ी होंगे। इंडोनेशिया में 2018 में आयोजित पिछले एशियाई खेलों से जेब खर्चे के भत्ते में कोई बदलाव नहीं हुआ है और मंत्रालय ने प्रति दिन 50 अमेरिकी डॉलर के भत्ते की घोषणा की है। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि दल के सदस्यों को प्रति दिन 50 अमेरिकी डॉलर की दर से भत्ता दिया जाएगा जिसे भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा सीधे खिलाड़ियों और अधिकारियों के बैंक खाते में भेजा जाएगा।

हांगझोऊ एशियाई खेलों के भारतीय दल में बदलाव भी किये गए हैं। महिला क्रिकेट टीम में अनुभवी मध्यम तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर को शामिल किया गया है। उन्हें पहले टीम में शामिल और अब चोटिल हो गईं अंजलि सरवानी की जगह रखा गया है। वहीं, भारतीय घुड़सवारी महासंघ के अंतिम क्षणों में किए गए परिवर्तन की कीमत एक घुड़सवार को इन खेलों में नहीं भाग लेकर चुकानी होगी। यही नहीं महासंघ के चलते हांगझोऊ में पदक की दावेदार शोर्जपिंग टीम ही रुक गई, लेकिन साई ने घुड़सवारों की गुहार के बाद टीम को एशियाड में भेजने का फैसला लिया। पहले से ही विवादों में घिरे घुड़सवारी महासंघ ने एक और नए विवाद को जन्म दे दिया। पहले महासंघ ने 11 सदस्यीय टीम में राजू सिंह (इवेंटिंग), तेजस ढींगरा, कीरत सिंह नागरा और यश का नाम शामिल किया।

## यह कुछ ऐसा है जिसे जीवन भर संजोकर रखूंगा: किशन पाठक

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 में सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के मौके के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने 19वें एशियाई खेलों हांगझोऊ अभियान की शुरुआत 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ करेगी।

इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से पहले, भारतीय टीम के गोलकीपर कृष्ण बी पाठक ने गुरुवार को टीम में अपने चयन के बारे में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा '' यह निश्चित रूप से मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। अगर मैं अपनी यात्रा पर पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे भारत के लिए 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कैप अर्जित करने और अपना दूसरा एशियाई खेल खेलने का अवसर मिलेगा। यह ऐसी चीज़ है जिसे मैं जीवन भर संजो कर रखूंगा। हम इसे मैच दर मैच लेंगे और किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेंगे।



उन्होंने कहा, ''प्रशिक्षण अच्छा चल रहा है, सभी खिलाड़ी बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अभ्यास पिच पर हम हर दिन कसरत करते हैं। इसके अलावा, हमने डेनिस के साथ 4-5 गोलकीपिंग सत्र किए हैं और आने वाले दिनों में कुछ और सत्र होंगे। हम फिर से बुनियादी बातों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, पिछले टूर्नामेंटों में हमने जो गलतियाँ कीं और अन्य बातों के अलावा त्वरित निर्णय लेने में सुधार कैसे किया जाए, इस पर ध्यान केंद्रित किया है।

भारतीय खिलाडी ने कहा ''19वें एशियाई खेलों हांग्जो 2022 से पहले हमारे पास खेलों का अच्छा प्रदर्शन है। हमने कुछ शीर्ष टीमों के खिलाफ खेला है, इसलिए इससे हमें यह पहचानने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी कि हमारे मजबूत और कमजोर बिंदु क्या हैं। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में अच्छे प्रदर्शन से खिलाड़ियों को भी आत्मविश्वास मिलेगा। हम आगे जाकर गलतियों को दोहराना नहीं चाहते हैं। भारतीय गोलकीपर श्रीजेश के साथ काम करने पर पाठक कहते हैं, '' हमारे बीच बहुत अच्छी बॉन्डिंग है। वह टीम के वरिष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं और जब भी मुझे संदेह होता है, तो मैं उनके पास जाता हूं और मामले पर उनकी सलाह लेता हूं। पिछले दो दशकों में उनके खेलने के अनुभव ने निश्चित रूप से मेरी बहुत मदद की।'' पंजाब में जन्मे खिलाड़ी भारत के पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप 2016 की ओर से उभरने वाले सबसे प्रतिभाशाली गोलकीपरों में से एक हैं।

## छेत्री ने 'क्लब बनाम देश' के सवाल पर राष्ट्रीय टीम को प्राथमिकता दी

**नईदिल्ली।** हांगझोउ एशियाई खेलों को लेकर 'क्लब बनाम देश' के मुश्किल सवाल पर भारतीय फुटबॉल 'लूजर' साबित हुई लेकिन देश के महान फुटबॉलर सुनील छेत्री ने इन सभी से ऊपर उठकर राष्ट्रीय दायित्व को प्राथमिकता दी। करिश्माई स्ट्राइकर छेत्री ने अपने 18 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय कैरियर में कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाये हैं। कई इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबों ने एशियाड के लिए अपने खिलाड़ियों को 'रिलीज' करने से इनकार कर दिया था लेकिन 39 वर्षीय छेत्री ने राष्ट्रीय टीम की अगुआई करने का फैसला किया।



पिछले महीने एशियाई खेलों के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की गयी थी लेकिन इसमें से 13 खिलाड़ियों को उनके संबंधित आईएसएल क्लबों ने रिलीज ही नहीं किया जिसमें डिफेंडर संदेश झिंगन और नंबर एक गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू भी शामिल हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने काफी मुश्किलों के बाद दोयम दर्जे की 18 सदस्यीय टीम चुनी जिसमें छेत्री एकमात्र जाना माना चेहरा हैं।

एआईएफएफ के एक अधिकारी ने पीटीआई भाषा से कहा कि वह (छेत्री) इतना प्रतिष्ठित खिलाड़ी है और यह तो पूरी मजबूत टीम भी नहीं है। लेकिन वह अडिग रहा और कहा कि वह देश के लिए एशियाई खेलों में खेलना चाहता है और वह इनके लिए तैयार है। उसे सलाम।

उन्होंने कहा कि हम जानते थे कि वह इन सभी मुद्दों से ऊपर उठकर राष्ट्र को प्राथमिकता देगा और उसने ऐसा ही किया। छेत्री के क्लब बेंगलुरु एफसी के छह खिलाड़ी शुरुआती 22 फुटबॉलरों की टीम में शामिल थे जिसमें गुरप्रीत भी मौजूद थे। लेकिन क्लब ने दो खिलाड़ियों को ही रिलीज किया जिसमें छेत्री के अलावा एक अन्य रोहित दानू हैं। अधिकारी ने कहा कि निश्चित रूप से उसके (छेत्री) क्लब ने हां कहा और उसे रिलीज किया। इसलिये श्रेय बेंगलुरु एफसी को भी जाता है। क्लब ने अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को रिलीज करके बलिदान दिया है जबकि यह फीफा विंडो भी नहीं है। क्लब अपने खिलाड़ियों को रिलीज करने के लिए बाध्य भी नहीं है क्योंकि एशियाई खेल फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो में नहीं आते। एशियाड में फुटबॉल स्पर्धा मूल रूप से अंडर-23 मुकाबले हैं जिसमें प्रत्येक टीम में 23 साल के अधिक उम्र के तीन खिलाड़ियों को अनुमति दी जाती है। छेत्री अपने तीसरे एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगे।

## मीराबाई चानू पर स्नैच में 90 किग्रा वजन उठाने का दबाव बढ़ा

**नईदिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू वर्षों से महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में प्रबल दावेदार रही हैं लेकिन स्नैच में 90 किग्रा का वजन उठाने वाले भारोत्तोलकों की बढ़ती तादाद बढ़ती जा रही है जिससे मणिपुर की इस खिलाड़ी पर इस वजन तक पहुंचने का दबाव बढ़ता जा रहा है। सात भारोत्तोलक स्नैच वर्ग में 90 किग्रा या इससे ज्यादा का वजन उठा चुकी हैं जिसमें से पांच इस मौजूदा ओलंपिक चक्र में ही शामिल हैं। मीराबाई 2019 से ही स्नैच में इस वजन को उठाने के लिए काम कर रही हैं लेकिन पिछले चार वर्षों में दो प्रयासों में वह विफल रही हैं। पहला प्रयास उन्होंने फरवरी 2020 में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में और फिर पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में किया। स्नैच में उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88 किग्रा ही रहा है जिससे उनके और उनके प्रतिद्वंद्वियों के बीच अंतर प्रत्येक टूर्नामेंट में बढ़ता ही जा रहा है। चीन की टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता होऊ झिहुई और दो बार की विश्व चैम्पियन जियांग हुईहुआ टूर्नामेंट में लगातार 90 किग्रा से ज्यादा का वजन उठा रही हैं।



दो साल के प्रतिबंध के बाद वापसी करने वाली थाईलैंड की भारोत्तोलक थान्याथोन सुकचारोएन और सुरोदचना खाम्बाओ की वापसी से प्रतिस्पर्धिता और बढ़ गयी है। दोनों ने इस साल मई में एशियाई चैम्पियनशिप में स्नैच में 90 किग्रा का भार उठाया। यूरोपीय चैम्पियन रोमानिया की मिहाएला वालेंटिना काम्बेई (92 किग्रा) और उत्तर कोरिया की रि सोंग गम (91 किग्रा) दो अन्य एथलीट हैं जिन्होंने स्नैच में 90 किग्रा से ज्यादा का वजन उठाया है। चीन के हांगझोउ (ल्ंल्ल्रॅंड्ढ४ अ२ंल्ल ीर) में 23 सितंबर से शुरु होने वाले एशियाई खेल इस स्टार भारतीय भारोत्तोलक के लिए स्नैच में 90 किग्रा का वजन उठाने का शानदार मौका होगा। भारत के मुख्य कोच विजय शर्मा ने कहा कि हम एशियाई खेलों में स्नैच में 90 किग्रा का वजन उठाने का लक्ष्य बनाये हैं। हम काफी समय से इस लाइन को पार करने की कोशिश कर रहे हैं। क्लीन एवं जर्क में मीराबाई अपने प्रतिद्वंद्वियों के बराबर हैं, हालांकि इस वर्ग में उनका 119 किग्रा का विश्व रिकॉर्ड इस महीने विश्व चैम्पियनशिप में हुईहुआ ने 120 किग्रा का भार उठाकर तोड़ दिया। लेकिन स्नैच में प्रदर्शन से उनका कुल वजन कम होता गया। पूर्व विश्व चैम्पियन ने इस साल एशियाई खेलों को प्राथमिकता दी हुई है क्योंकि उनकी ट्राफियों की कैबिनेट में सिर्फ इसी पदक की कमी है।

## सोनी स्पोर्ट्स ने सबसे बड़ा एशियाई खेल अभियान शुरू किया

**नईदिल्ली।** एशियाई खेलों के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने 19वें एशियाई खेल हांगझोऊ 2022 से पहले भारत में एशियाई खेलों के इतिहास में सबसे भव्य अभियान शुरू किया है।

सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ डिफेंस स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान और प्रभावशाली हस्तियों के एक प्रभावशाली लाइनअप से समर्थन प्राप्त किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि 'इस बार सौ पार, फिर से, हम होंगे कामयाब' का संदेश भारत के हर कोने में गूंजे।'

SONY SPORTS NETWORK

इस रणनीति से यह स्पष्ट है कि एकजुट भारत, एक स्वर में जयकार करते हुए, अपने एथलीटों को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक प्रेरित कर सकता है। 19वें एशियाई खेलों में भारतीय क्रिकेट टीमें पहली बार एशियाई खेलों में भाग लेंगी, जिसमें रुतुराज गायकवाड़ पुरुष और स्मृति मंधाना भारतीय महिला टीम की कमान संभालेंगी। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा भाला फेंक में भारत के शीर्ष पदक उम्मीदों में से एक होंगे, जबकि बैडमिंटन में पीवी सिंधु, एचएस प्रणय और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी खिताब की प्रबल दावेदार हैं। इनके अलावा धावक, तीरंदाज, भारतीय रग्बी, हॉकी और फुटबॉल टीमें, तैराक, ब्रिज और शतरंज टीमें भी पदक तालिका में शामिल होने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। ये सभी एथलीट भारत को चतुष्कोणीय आयोजन के 19वें संस्करण के 100 पदक के लक्ष्य को हासिल करने में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। देश के प्रमुख प्रभावशाली लोग जो ब्रॉडकास्टर के मिशन में शामिल हुए हैं और एशियाई खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों को चतुष्कोणीय उत्सव के इस संस्करण में उच्च स्तर तक पहुंचने के लिए अपने संदेश को साझा किए हैं उनमें अमिताभ बच्चन, सुधा मूर्ति, आमिर खान और ड्रीमगर्ल हेमा मालिनी भी शामिल हैं। इसके अलावा अभिनेत्री माधुरी दीक्षित, आदित्य रॉय कपूर, जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन, कपिल शर्मा मीराबाई चानू, जहीर खान, अंजू बॉबी जॉर्ज और राजा रणधीर सिंह भी इस मिशन में शामिल हो गए हैं। ब्रॉडकास्टर में शामिल होने के साथ-साथ भारतीय खेल पत्रकारों की एक ऑल-स्टार लाइनअप भी शामिल हुई, जो भारत के खिलाड़ियों को विशेष रूप कवर करते रहे हैं।

## अदालत से पहलवान बजरंग पूनिया को मिली बड़ी राहत

**नईदिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पहलवान बजरंग पूनिया को उनके खिलाफ कुश्ती कोच नरेश दहिया द्वारा दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत के मामले में निजी तौर पर पेश होने से एक दिन की छूट दी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट यशदीप चहल ने पूनिया को राहत दी जब उनके वकील ने सूचित किया कि वह आगामी एशियाई खेलों को देखते हुए अभ्यास सत्र के लिए किर्गिस्तान गए हैं। न्यायाधीश ने इससे पहले छह सितंबर को भी बजरंग को निजी तौर पर पेश होने से चिकित्सा आधार पर एक दिन की छूट दी थी क्योंकि उनके वकील ने कहा था कि वह बुखार से पीड़ित हैं। न्यायाधीश ने तीन अगस्त को बजरंग को छह सितंबर को अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा था कि प्रथम दृष्टया पहलवान के खिलाफ अवमानना का मामला नजर आता है। दहिया ने दावा किया है कि बजरंग ने अन्य पहलवानों/व्यक्तियों के साथ मिलकर 10 मई को जंतर-मंतर पर एक संवाददाता सम्मेलन में भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान प्रमुख और भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा कुछ महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।



# बोपन्ना, नागल और भांबरी संभालेंगे भारतीय टीम की कमान

**लखनऊ, 14 सितंबर**

मोरक्को के खिलाफ 16 सितंबर से यहां शुरू होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप-2 मुकाबले के लिये भारतीय टीम की घोषणा गुरूवार को कर दी गयी।

भारत के नान प्लेयिंग कैप्टन रोहित राजपाल ने पत्रकारों को बताया कि भारतीय टीम मे देश के शीर्ष क्रम के एकल खिलाड़ी सुमित नागल और दिग्गज रोहन बोपन्ना के अलावा शशिकुमार मुकुंद, दिग्विजय प्रताप सिंह और युकी भांबरी को जगह दी गयी है। उन्होने बताया कि शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में मेन ड्रा निकाला जायेगा, उससे एक घंटे पहले तक टीम में रद्दोबदल की गुंजाइश बनी रहेगी।

**डेविस कप विश्व ग्रुप-2 मुकाबला**

▶ भारतीय टीम हुई घोषित, कल सीएम योगी निकालेंगे मेन ड्रॉ

उन्होने कहा कि रैकिंग में कमजोर दिखने वाली मोरक्को को हल्के में लेने की भूल उनके खिलाड़ी कतई नहीं करेंगे। बोपन्ना हाल ही में अमेरिकी ओपन के युगल मुकाबले के रनरअप रहे है और उनकी फार्म जबरदस्त है वहीं सुमित नागल से भी भारतीय टीम को काफी उम्मीदें हैं। उनकी टीम पूरी तरह से मैच के लिए तैयार है। उधर मोरक्को के कप्तान मेहदी ताहिरी ने कहा कि उनके देश में आए भूकंप ने उनकी पूरी टीम को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे समय में घरों से दूर रहकर खेलना बहुत मुश्किल है। यहां पर मौसम काफी गर्म और उमस से भरा है पर अब उनके खिलाड़ी स्थितियों में खुद को ढाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो-तीन पहले से उनका आना उनके काम आ रहा है। मेहदीने दावा किया कि वो मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भले ही भारत की टीम कागजों पर मजबूत है पर डेविस कप में कुछ भी संभव है।




गोमतीनगर के विजयंतखंड के मिनी स्टेडियम पर 16 और 17 सितंबर को भारत और मोरक्को के बीच चार सिंगल्स और एक डबल्स मैच खेला जायेगा। मैच का प्रसारण डी डी स्पोर्टस पर किया जायेगा। राजपाल ने बताया कि उमस भरी गर्मी के चलते मैच शुरू होने के समय में मामूली फेरबदल किया गया है। 16 तारीख यानी शनिवार को मुकाबला 12 बजे के बजाय दो बजे से शुरू होंगे जबकि रविवार को सुबह 11 बजे के स्थान पर मैच दोपहर एक बजे से खेले जायेंगे।

## जोशना को एशियाई खेलों में अपनी जानकारी और अनुभव का इस्तेमाल करने की उम्मीद

**चेन्नई।** जोशना चिनप्पा को लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में महाद्वीप में स्क्वैश के स्तर में सुधार हुआ है और उन्हें आगामी एशियाई खेलों में अपने विरोधियों को हराने के लिए अपने ज्ञान और अनुभव का फायदा उठाने की उम्मीद है। पिछले खेलों में महिला एकल में कांस्य और टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली 36 वर्षीय जोशना 23 सितंबर को हांगझोउ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों में केवल व्यक्तिगत प्रतियोगिता में भाग लेंगी। आठ बार की विश्व चैंपियन मलेशिया की निकोल डेविड के अब प्रतिस्पर्धा नहीं करने के बावजूद जोशना को लगता है कि खेल आसान नहीं होंगे। जोशना ने यहां इंडियन स्क्वैश अकादमी में मीडिया से बात करते हुए कहा कि निकोल ने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा। लेकिन एशियाई स्क्वाश की गुणवत्ता पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है और यह पहले दौर से ही कठिन होने जा रहा है। आप किसी को भी हल्के में नहीं ले सकते। उन्होंने कहा कि जाहिर तौर पर इस स्तर पर खेलना आसान नहीं है। लेकिन मेरे पास भी काफी ज्ञान और अनुभव है और उम्मीद है कि मैं खेलों में उस पर भरोसा कर सकती हूं। जोशना ने कहा कि इस स्तर पर, मैं किसी से भी खेलने के लिए तैयार हूं, क्योंकि इस स्तर पर आपको किसी से भी भिड़ने के लिए तैयार रहना होगा।

## पीएम मोदी वाराणसी में 23 सितंबर को रखेंगे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला

**वाराणसी , 14 सितंबर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 सितंबर को वाराणसी के गांजरी इलाके में 450 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। स्टेडियम में अत्याधुनिक सुविधाएं और 30,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। शिलान्यास समारोह में कई स्टार क्रिकेटरों के शामिल होने की संभावना है, जो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और यूपीसीए की सक्रिय भागीदारी के साथ एक भव्य शो होने जा रहा है।

मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा, "23 सितंबर को क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के लिए प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के लिए गांजरी में तैयारियां शुरू की जा रही हैं। यह एक भव्य शो होगा क्योंकि इसमें बीसीसीआई पदाधिकारियों के अलावा अन्य सितारे भी शामिल होंगे।" समारोह में क्रिकेटरों के भी हिस्सा लेने की संभावना है। ''चल रहे काशी संसद सांस्कृतिक महोत्सव के सर्वश्रेष्ठ कलाकार प्रस्तावित समारोह में प्रदर्शन करेंगे और इस महोत्सव के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इस आयोजन में वाराणसी और आसपास के जिलों के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया जाएगा। ''एलएंडटी ने प्रस्तावित स्टेडियम के डिजाइन और ड्राइंग को लगभग अंतिम रूप दे दिया है और इस पर आगे की कार्रवाई जिसमें यूपीसीए से अनुमोदन शामिल है, जिसके बाद वन और भूजल और अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगे जाएंगे, जल्द ही शुरू किया जाएगा।

यूपीसीए की मांग पर वीडीए और यूपीपीसीबी से एनओसी लेने की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए सलाहकारों की भी व्यवस्था की गई है।" ₹एक 3डी मॉडल की तैयारी और परियोजना का विवरण जल्द ही पूरा किया जाएगा, जिसके बाद एलएंडटी अधिग्रहित भूमि को समतल करने और चारदीवारी के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करेगी।

## विश्वास है कि आईएसएल सीज़न एफसी गोवा के लिए अच्छा होगा: मानोलो मार्केज़

**बेंगलुरु।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 2023-24 संस्करण के शुरू होने में नौ दिन से भी कम समय बचा है, एफसी गोवा वर्तमान में अपनी प्री-सीजन तैयारियों के अंतिम चरण में है। मुख्य कोच मानोलो मार्केज़ के नेतृत्व में, मेन इन ऑरेंज हाल ही में डूरंड कप के सेमीफाइनल में पहुंचा, और अब लीग में भी एक उपयोगी अभियान के साथ इसे जारी रखने के लिए उत्सुक होगा। इस बीच, मार्केज़, खिलाड़ी नूह सदाउई, उदांता सिंह और मुहम्मद नेमिल के साथ, आईएसएल 2023-24 मीडिया दिवस में भाग लेने के लिए अपने व्यस्त प्री-सीज़न कार्यक्रम से समय निकाला, जहां उन्होंने आगामी लीग सीज़न और अधिक पर अपने विचार साझा किए। मानोलो मार्केज़ ने प्रशिक्षण सत्रों के महत्व और खिलाड़ियों की फिटनेस पर जोर देते हुए कहा, ''हर साक्षात्कार में मैं कहता हूं कि प्रतियोगिता से पहले बोलना बहुत खतरनाक है। हम जानते हैं कि हम कप विजेता बनना चाहते हैं। लेकिन, अभी के लिए, लक्ष्य सर्वोत्तम संभव तरीके से सीज़न के अपने पहले मैच में पहुंचना है।

## मुजफ्फरपुर के भारती क्लब ने क्रिकेट कोचिंग कैंप 17 से

**मुजफ्फरपुर, 14 सितंबर**

### बीसीसीआई द्वारा अहर्ता प्राप्त एवं बिहार-अंडर 16 के पूर्व कोच (लेबल -बी) आलोक शील देंगे क्रिकेट का प्रशिक्षण

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अहर्ता प्राप्त कोच आलोक शील भारती क्लब के खिलाड़ियों को विशेष कोचिंग देंगे। यह जानकारी भारती क्लब के संचालक संजय वर्मा उर्फ अंशु ने दी। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से इस कैंप का आयोजन किया जाना तय है। इस कैंप में क्रिकेट के पांचों मानक टैक्टिकल,फिजिकल,मेंटल,टेक्निकल, प्रसनल आदि पर विशेष रूप से फोकस किया जाएगा। साथ ही साथ पूरे कैंप के दौरान वीडियो यनलाइस की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया की महिला क्रिकेटरों के प्रशिक्षण हेतु एक



महिला क्रिकेट अकादमी की भी घोषणा 17 सितंबर को ही की जाएगी। भारती क्लब के संचालक संजय वर्मा उर्फ अंशु ने बताया कि इस कैंप के दौरान खिलाड़ियों के सभी मूल आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान होगा। कैंप के सफल संचालन के लिए सचिन कुमार को कैंप प्रभारी बनाया गया है। इस अवसर पर बिहार क्रिकेट संघ द्वारा अहर्ता प्राप्त अंपायर रवि कुमार,सचिन कुमार एवं सनी वर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

# रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ फाइनल में पहुंचा श्रीलंका

## दो विकेट से हार कर पाकिस्तान बाहर, कुसल मेंडिस, सदीरा समराविक्रमा की शानदार पारी, असलंका ने खूंटा खाड़ बनाये नाबाद 49 रन और दिलाई जीत





**कोलंबो, 14 सितंबर**

कुसल मेंडिस (91) की शानदार पारी और सदीरा समराविक्रमा (48) के साथ शतकीय साझीदारी की मदद से श्रीलंका ने एशिया कप सुपर फोर चरण के एक सांस रोक देने वाले मुकाबले डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत दो विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना रविवार को भारत से होगा।

पाकिस्तान के 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने मेंडिस की 87 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के से 91 रन की पारी और समरविक्रम (48) के साथ उनकी तीसरे विकेट की 100 रन की साझेदारी से अंतिम गेंद पर आठ विकेट पर 252 रन बनाकर जीत दर्ज की। असलंका ने 47 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के से नाबाद 49 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने इससे पहले 73 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों से नाबाद 86 की पारी खेलने के अलावा इफ्तिखार अहमद (47 रन, 40 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के साथ छठे विकेट के लिए 108 रन जोड़कर पाकिस्तान का स्कोर सात विकेट पर 252 रन तक पहुंचाया। इन दोनों की साझेदारी से पाकिस्तान अंतिम 10 ओवर में 102 रन जोड़ने में सफल रहा। सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक ने भी शीर्ष क्रम में 69 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से 52 रन बनाए।

बारिश के कारण मैच की शुरुआत में ही विलंब हुआ जिसके कारण इसे 45 ओवर का कर दिया गया। मैच के बीच में दोबारा बारिश आई जिसके कारण मैच में ओवरों की संख्या फिर घटाकर 42 कर दी गई। श्रीलंका को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 252 रन का लक्ष्य मिला।

श्रीलंका की तरफ से मथीसा पथिराना सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 65 रन देकर तीन विकेट चटकाए। प्रमोद मदुसान ने 58 रन पर दो विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे श्रीलंका के लिए कुसाल परेरा (17) ने तीखे तेवर देखाए। उन्होंने शाहीन शाह अफरीदी (52 रन पर दो विकेट) के दो ओवर में तीन चौके मारे लेकिन इसके बाद तेज रन लेने की कोशिश में रन आउट हो गए। निसांका और कुसाल मेंडिस ने इसके बाद मोर्चा संभाला। निसांका ने जमान पर लगातार दो चौके मारने के बाद मोहम्मद वसीम का स्वागत भी लगातार दो चौकों के साथ किया।

मेंडिस ने भी शाहीन पर दो चौके जड़े। श्रीलंका के रनों का अर्धशतक आठवें ओवर में पूरा हुआ। लेग स्पिनर शादाब खान ने निसांका का अपनी ही गेंद पर कैच लपककर इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने 29 रन बनाए।

मेंडिस को इसके बाद सदीरा समरविक्रम के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। समरविक्रम ने 18वें ओवर में शादाब पर दो चौकों के साथ टीम के रनों का शतक पूरा किया जबकि मेंडिस ने भी इस ओवर में चौका जड़ा। दोनों ने स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी और खराब गेंद को सबक भी सिखाया। मेंडिस ने मोहम्मद वसीम की गेंद पर दो रन के साथ 47 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। श्रीलंका को अंतिम 15 ओवर में जीत के लिए 92 रन की जरूरत थी।

समरविक्रम ने इफ्तिखार (50 रन पर तीन विकेट) पर दो रन से मेंडिस के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की लेकिन अगली गेंद पर रिजवान के हाथों स्टंप हो गए। उन्होंने 51 गेंद का सामना करते हुए चार चौके मारे। मेंडिस ने जमान पर चौका मारा जबकि चरिथ असलंका ने इफ्तिखार पर छक्के के साथ अपने तेवर दिखाए। मेंडिस ने इफ्तिखार पर छक्के के साथ रनों को गेंद की संख्या से कम किया। वह हालांकि इस स्पिनर के अगले ओवर में गेंद को हवा में लहराकर मोहम्मद हारिस को कैच दे बैठे।

श्रीलंका को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 33 रन की दरकार थी। इफ्तिखार ने कप्तान दासुन शनाका (02) को नवाज के हाथों कैच कराके श्रीलंका की मुसबीत बढ़ाई। असलंका ने शाहीन पर चौके के साथ गेंद और रन के बीच के अंतर को कम किया और फिर जमान की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। श्रीलंका को अब अंतिम दो ओवर में 12 रन की जरूरत थी। शाहीन की फुलटॉस को धनंजय डिसिल्वा (05) लांग ऑन पर वसीम के हाथों में खेल गए जबकि अगली गेंद पर दुनिथ वेलालागे (00) ने विकेटकीपर रिजवान को कैच थमाया। जमान के अंतिम ओवर में श्रीलंका को आठ रन की जरूरत थी। शुरुआती तीन गेंद पर सिर्फ दो रन बने जबकि चौथी गेंद पर मदुसान रनआउट हो गए। पांचवीं गेंद असलंका के बल्ले का किनारा लेकर स्लिप क्षेत्र से चार रन के लिए चली गई। जमान की अंतिम गेंद पर असलंका ने दो रन के साथ टीम की जीत सुनिश्चित की।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने वाले पाकिस्तान ने पांचवें ओवर में ही फखर जमां (04) का विकेट गंवा दिया जिन्हें मदुसान ने बोल्ड किया। शफीक और कप्तान बाबर आजम (29) ने दूसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर पारी को संभाला। दोनों ने 10 ओवर में टीम का स्कोर एक विकेट पर 40 रन तक पहुंचाया। शफीक ने दुनिथ वेलालागे पर पारी का पहला छक्का जड़ा और फिर पथिराना पर चौके के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। बाबर ने श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका और पथिराना पर चौके मारे लेकिन भारत के खिलाफ पिछले मैच में पांच विकेट चटकाने वाले वेलालागे ने उन्हें विकेटकीपर मेंडिस के हाथों स्टंप करा दिया। शफीक ने धनंजय डिसिल्वा पर छक्का और एक रन के साथ 65 गेंद में करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि अगले ओवर में पथिराना की गेंद को हवा में लहराकर डीप स्क्वायर लेग पर मुदसान को कैच दे बैठे। उन्होंने अपनी पारी में 69 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और दो छक्के मारे।

पथिराना ने अगले ओवर में मोहम्मद हारिस (03) का कैच लपककर 24वें ओवर में पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 108 रन किया। ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा ने मोहम्मद नवाज (12) को बोल्ड करके पाकिस्तान को पांचवां झटका दिया। नवाज के 28वें ओवर में आउट होते ही बारिश आ गई और खेल दोबारा शुरू होने पर मैच को 42 ओवर का कर दिया गया। इफ्तिखार ने वेलालागे पर चौके के साथ 32वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। रिजवान और इफ्तिखार दोनों ने अगले ओवर में मदुसान पर छक्के जड़े। रिजवान ने अगले ओवर में वेलालागे पर छक्के और चौके के साथ 48 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। रिजवान और इफ्तिखार ने अंतिम ओवरों में तेजतर्रार बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

### आखिरी 2 ओवर में रोमांचक हुआ मुकाबला

आखिरी 12 गेंद पर श्रीलंका को 12 रन की जरुरत थी। यहां शाहीन अफरीदी बॉलिंग करने आए। श्रीलंका का स्कोर 240 रन पर 5 विकेट था। शुरुआती 2 गेंद पर 3 रन बन गए। तीसरी गेंद पर डॉट रही। चौथी गेंद पर धनंजय डी सिल्वा लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए। पांचवीं गेंद पर दुनिथा वेल्लालागे भी कैच आउट हो गए। आखिरी गेंद पर एक रन बना। अब आखिरी 6 गेंदों पर 8 रन की जरुरत। जमान खान के सामने प्रमोद मदुशन और चरिथ असालंका। पहली गेंद पर लेग बाय का एक रन बना। अगली गेंद डॉट हो गई और तीसरी गेंद पर एक रन आ गया। चौथी गेंद पर मदुशन रन आउट हो गए। 2 गेंद पर 6 रन की जरूरत। पांचवीं गेंद पर जमान ने ऑफ स्टंप के बाहर बॉल फेंकी, असालंका ने तेजी से बैट घुमाया और बॉल थर्ड मैन की दिशा में 4 रन के लिए चली गई। लास्ट बॉल पर 2 रन की जरूरत। जमान ने मिडिल स्टंप पर फुलर लेंथ स्लोअर बॉल फेंकी। असालंका ने स्क्वेयर लेग की दिशा में फ्लिक किया और 2 रन लेकर अपनी टीम को रोमांचक मुकाबले में जीत दिला दी।

# बुमराह समेत बाहर बैठेंगे तीन खिलाड़ी



**कोलंबो, 14 सितंबर**

फाइनल का टिकट कटा चुकी भारतीय टीम शुक्रवार को यहां एशिया कप के 'सुपर फोर' मैच में पहले ही बाहर हो चुकी बांग्लादेश के खिलाफ अपने संभावित खिलाड़ियों को आजमाना चाहेगी।

रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम गहराई से सोचेगी कि अपनी पहली पसंद की टीम को ज्यादा से ज्यादा 'गेम टाइम' दिया जाये या फिर अगले महीने घरेलू सरजमीं पर होने वाले विश्व कप से पहले अपने कुछ संभावित खिलाड़ियों को मौका दिया जाये।

कार्यभार प्रबंधन का यह सवाल विशेषकर गेंदबाजों के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। जसप्रीत बुमराह ने एशिया कप में अभी तक महज 12 ओवर ही गेंदबाजी की है जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ पांच और श्रीलंका के खिलाफ सात ओवर शामिल है। नेपाल के खिलाफ वह खेले ही नहीं थे। इसलिये यह बुमराह पर निर्भर करेगा कि वह एक और मुकाबले में गेंदबाजी करना चाहते हैं या फिर सीधे 17 सितंबर को फाइनल के लिए उतरेंगे।

वहीं मोहम्मद सिराज ने इस टूर्नामेंट में 19.2 ओवर और हार्दिक पंड्या ने 18 ओवर डाले हैं। यह ओवर भले ही ज्यादा नहीं लगे लेकिन कोलंबो की उमस इतनी ज्यादा है कि गेंदबाज की काफी ऊर्जा कम हो जाती है इसलिये टीम प्रबंधन इनमें से एक को ब्रेक देना चाहेगा। इस संदर्भ में बात करें तो अगर बांग्लादेश के खिलाफ सिराज की जगह शमी मैदान में उतरें तो यह हैरानी भरा फैसला नहीं होगा। इससे पांच अक्टूबर से शुरु हो रहे विश्व कप से पहले सीनियर तेज गेंदबाज को कुछ अहम 'मैच टाइम' हासिल करने में मदद मिलेगी।

यह अहम भी है क्योंकि शमी को बुमराह, सिराज और पंड्या के 'बैक-अप' तेज गेंदबाज के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन 'थिंक टैंक' के लिए अक्षर पटेल के गेंदबाजी ग्राफ में गिरावट चिंता की बात होगी क्योंकि उन्हें रविंद्र जडेजा के कवर के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। बायें हाथ का यह स्पिनर न तो विकेट ही चटका पा रहा है और न ही रन गति पर लगाम कस पा रहा है।

अक्षर ने इस साल सात वनडे खेले हैं और छह के इकोनोमी रेट से केवल तीन विकेट ही झटक सके हैं। उन्हें अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है और वो भी तुरंत। केएल राहुल की पूर्ण फिटनेस में वापसी ने टीम प्रबंधन की काफी समस्या कम कर दी है। उन्होंने क्रीज पर टिककर धाराप्रवाह बल्लेबाजी की। श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद राहुल ने टीम प्रबंधन द्वारा उनकी भूमिका पर स्पष्टता के बारे में लंबी बात की कि वह भारत के मुख्य विकेटकीपर कम मध्यक्रम बल्लेबाज होंगे।

इसलिये यह माना जा सकता है कि राहुल बांग्लादेश के खिलाफ भी अपनी जिम्मेदारी निभाना जारी रखेंगे, लेकिन श्रेयस अय्यर की फिटनेस पर निगाहें लगी होंगी क्योंकि वह पीठ की जकड़न के कारण पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ 'सुपर फोर' मैच में नहीं खेल पाये थे। अय्यर ने हालांकि गुरुवार को बिना किसी परेशानी के नेट में बल्लेबाजी और गेंदबाजी की जो टीम के लिए अच्छी खबर है। लेकिन अगर टीम प्रबंधन मुंबई के इस खिलाड़ी को उबरने के लिए कुछ अतिरिक्त समय देना चाहता है तो वह ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव में से किसी एक विकल्प को आजमा सकता है।

ईशान किशन ने अभी तक वनडे में प्रभावित किया है लेकिन सूर्यकुमार इस प्रारूप में इतना अच्छा नहीं कर सके हैं। इसके बावजूद सूर्यकुमार को भारत की वनडे टीम के अहम खिलाड़ी के तौर पर देखा जा रहा है और 'थिंक टैंक' उन्हें एक और मौका देना चाहेगा। बांग्लादेश की बात करें तो उन्हें इस मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज मुशिफकुर रहीम की सेवायें नहीं मिलेंगी जिससे लिटन दास के विकेटकीपिंग करने की उम्मीद है। हालांकि उनके कप्तान शाकिब अल हसन अपने परिवार के साथ समय बिताने के बाद वापस टीम से जुड़ गये हैं।

**एशिया कप 'सुपर फोर'**

▶ मोहम्मद शमी को मिल सकता है मौका, फाइनल से पहले सबकुछ ठीक करना चाहेगी टीम इंडिया

### टीमें इस प्रकार हैं :

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा। बांग्लादेश : शाकिब अल हसन (कप्तान), अनामुल हक बिजॉय, नजमुह हुसैन शांटो, तौहिद हृदय, अफीफ हुसैन ध्रुबो, मेहदी हसन मिराज, तास्किन अहमद, हसन महमूद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, नासुम अहमद, शाक मेहदी हसन, नईम शेख, शमीम हुसैन, तंजिद हसन तमीम, तंजिम हसन साकिब।



## बेन स्टोक्स ने कहा-मुझे पता था मैं विश्व कप खेलूंगा

**लंदन।** इंग्लैंड ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने माना है कि इस वर्ष एशेज सीरीज के दौरान उन्हें पता था कि भारत में वनडे विश्व कप में इंग्लैंड को अपनी ख़िताब के बचाव के लिए उन्हें वनडे क्रिकेट से घोषित संन्यास से वापस आना पड़ेगा। जुलाई में एशेज के पांचवे टेस्ट के बाद स्टोक्स ने कहा था कि वह अपने बाएं घुटने की इंजरी को संभालने के लिए खेल से कुछ वक़्त बाहर रहना पसंद करेंगे, लेकिन दो हफ़्ते बाद ही उन्हें न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध वनडे सीरीज़ और उसके बाद विश्व कप के अस्थायी दल में शामिल किया गया था। स्टोक्स ने जुलाई 2022 में वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया था। बुधवार रात को इस घटनाक्रम पर पूछे जाने पर स्टोक्स बोले, ₹ज़ाहिर सी बात है कि मुझे अपने घुटने पर कई सवाल पूछे गए हैं। मैंने उस वक़्त [नहीं लौटने पर] कुछ कहा होगा इन बातों को टालने के लिए। मुझे वास्तव में पता था कि मैं यह मैच और संभवतः विश्व कप भी खेलूंगा। तब मैं प्रेस को शांत करने के लिए ऐसी बातें कर रहा था। स्टोक्स न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ बड़ी जीत में 124 गेंदों पर 182 रनों की पारी खेलकर बात कर रहे थे। इस पारी से उन्होंने जेसन रॉय के नाम इंग्लैंड के लिए पुरुष वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर के रिकॉर्ड को भी तोड़ा। स्टोक्स ने कहा, मुझे इस रिकॉर्ड स्कोर बारे में तब पता लगा जब स्टेडियम में किसी ने इस बात की घोषणा की। मैं अगली गेंद पर आउट हो गया। स्टोक्स जब मैदान पर उतरे थे तब इंग्लैंड ने 13 पर दो विकेट गंवा दिए थे। उन्होंने कहा, ₹आपके पास उम्मीद से ज़्यादा समय होता है। गेम की और जागरूकता और परिस्थिति के हिसाब से ख़ुद को ढालने के मामले में आज का दिन अच्छा था। एक 50 ओवर का मैच कैसे खेला जा सकता है, आज के दिन ने यह याद दिलाया। हम जल्दी विकेट खो चुके थे और हम विपक्ष पर दबाव बनाना चाहते थे। एक-दो बार मैंने देखा कि अभी 23-24 ओवर बचे हैं, सो मैंने ख़ुद को थोड़ा रोका।

# विश्व कप से पहले चार फिट तेज गेंदबाज होना अच्छा : पारस म्हाम्ब्रे

**कोलंबो, 14 सितंबर**

भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने गुरुवार को कहा कि जसप्रीत बुमराह की वापसी से उनकी तेज गेंदबाजी इकाई मजबूत हुई है और अगले महीने विश्व कप से पहले पूरी तरह से फिट चार तेज गेंदबाज होना टीम के लिए शानदार है। बुमराह ने हाल के आयरलैंड दौरे पर लंबे समय बाद चोट के बाद वापसी की और फिर मौजूदा एशिया कप के दौरान भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। म्हाम्ब्रे ने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले भारत के अंतिम 'सुपर फोर' मैच से पहले कहा कि हम एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) से ही बुमराह की प्रगति देख रहे हैं और हम उसकी रिपोर्ट से खुश हैं।

उन्होंने कहा कि अब हमारे पास चार बेहतरीन गेंदबाज हैं और ऐसे विकल्प होना हमेशा ही अच्छा होता है। ऐसी समस्या होना अच्छा है। भारत का पहली पसंद का तेज गेंदबाजी आक्रमण बुमराह, मोहम्मद सिराज और हार्दिक पंड्या का है जिससे टीम प्रबंधन को मोहम्मद शमी को बेंच पर बिठाने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। म्हाम्ब्रे ने कहा कि शमी जैसे गेंदबाज को बाहर रखना इतना आसान नहीं है। उसे जितना अनुभव है और उसने देश के लिए जो प्रदर्शन किये हैं, वे शानदार हैं। इस तरह की बातचीत (खिलाड़ी को बाहर रखना) करना कभी भी आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि यह मुश्किल होता है लेकिन संबंधित खिलाड़ी को स्पष्ट रूप से टीम के फैसले के बारे में बता दिया जाता है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा कि लेकिन हम खिलाड़ी को इसके बारे में बताने में काफी स्पष्ट रहते हैं। हम जो फैसले लेते हैं, खिलाड़ी इसके बारे में जानते हैं। वे जानते हैं कि यह टीम के फायदे के लिए ही है। म्हाम्ब्रे यह देखकर काफी खुश हैं कि हार्दिक पंड्या ने हाल के समय में बतौर गेंदबाज काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।



उन्होंने कहा कि हार्दिक जिस तरह से आगे बढ़ रहा है, मैं उससे बहुत खुश हूं। हम उनका कार्यभार देख रहे हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं कि वह फिट रहें। एक बार जब वह 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करता है तो वह अलग तरह का गेंदबाज होता है। टीम की पहलू से देखें तो हमारे पास यह एक विकेट चटकाने वाला विकल्प है।

## पृथ्वी शॉ की मुश्किलें बढ़ीं, महीनों रह सकते हैं क्रिकेट से दूर



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी पृथ्वी शॉ लंबे वक्त से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं पर उनका घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन अच्छा चल रहा है। वर्तमान समय में पृथ्वी शॉ इंग्लैंड के डोमेस्टिक क्रिकेट में भी खेल रहे थे। उन्होंने नॉर्थम्पटनशायर के लिए क्रिकेट खेला और इसी दौरान ही वे चोटिल हो गए अब खबर यह है कि पृथ्वी शॉ को लंबे वक्त तक दूर रहना पड़ सकता है। मिली जानकारी के अनुसार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पृथ्वी शॉ की चोट को लेकर पुष्टि की है। वे तीन-चार महीनों के लिए क्रिकेट से दूर रहेंगे। इस दौरान रिहैब में रहेंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि पृथ्वी के चोटिल होने के बाद एमआरआई की गई। इसमें पता चला कि पृथ्वी को लिगामेंट में इंजरी हुई है। पृथ्वी की सर्जरी होगी या नहीं इस पर अभी तक फैसला हो पाया है। बता दें कि पृथ्वी भारत के लिए 5 टेस्ट मैचों में 340 रन बना चुके हैं। इस दौरान एक शतक और दो अर्धशतक हैं वे 6 वनडे मैच भी खेल चुके हैं। इसके साथ-साथ एक टी20 मैच खेला है। उन्होंने फर्स्ट क्लास मैचों की 78 पारियों में 3802 रन बनाए। इस दौरान 12 शतक और 16 अर्धशतक लगाए हैं। वे लिस्ट ए के 57 मैचों में 3056 रन बनाए हैं।

# बाबर आजम ने पीट लिया माथा, गेंदबाजों पर बिफरे, फील्डर्स को भी खूब सुनाया


**कोलंबो।** श्रीलंका के खिलाफ मिली करारी से पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम काफी हताश नजर आए। मैच में श्रीलंका ने अंतिम गेंद पर पाकिस्तान को हराया। इस हार के साथ ही पाकिस्तान का एशिया कप में सफल खत्म हो गया। उन्होंने कहा कि टीम की बॉलिंग और फील्डिंग बहुत खराब थी, जिसका खामियाजा यहां हारकर चुकाना पड़ा।

इस मैच में इफ्तिकार अहमदत ने 3 विकेट लिए थे और उनका एक ओवर बाकी था। हालांकि बाबर आजम ने अंतिम 2 ओवरों में उन्हें बॉलिंग से हटा लिया और अपने बेस्ट बॉलर को गेंद कराने का फैसला किया। शाहीन शाह अफरीदी ने मैच के सेकंड लास्ट ओवर में लगातार 2 गेंदों पर 2 विकेट लेकर अपनी टीम की वापसी भी करा दी थी. लेकिन अंतिम ओवर में मैच उसके हाथ से फिसल गया।

बाबर ने कहा, 'अंत में हमने अपने बेस्ट गेंदबाजों से ही बॉलिंग कराने का फैसला किया। इसलिए मैंने सेकेंड लास्ट ओवर में शाहीन शाह अफरीदी को बॉलिंग दी और इसके बाद आखिरी ओवर के लिए जमान खान पर भरोसा जताया। श्रीलंका ने शानदार क्रिकेटर खेला। वह हमसे बेहतर खेले और इसलिए ही वे जीत गए।

पाकिस्तान के कप्तान ने आगे कहा, 'हम बॉलिंग और फील्डिंग में अपने स्तर के मुताबिक नहीं थे और इसलिए ही हम मैच हार गए।

जब आजम से पूछा गया कि कोई एक मुख्य कारण क्या था, जो मैच में अंतर पैदा कर सकता था तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि बीच के ओवर थे, जब हम विकेट नहीं निकाल पाए। उस पार्टनरशिप (सदीरा समरविक्रमा और कुसल मेंडिस) ने हमसे मैच छीन लिया। हमने यहां अच्छी शुरुआत की थी और अंत भी अच्छा किया, लेकिन मिडल ओवरों में ऐसा नहीं कर पाए। अगर हमने तब विकेट लिए होते तो विपक्षी टीम पर दबाव बनता और तब हम जीत का मौका बना सकते थे।



### बाल-बाल बचे समरविक्रमा

एशिया कप 2023 के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंकाई बल्लेबाज सदीरा समरविक्रमा बाल-बाल बच गए। पारी के 28वें ओवर की आखिरी गेंद पर शाहीन अफरीदी के खिलाफ समरविक्रमा ने पुल शॉट खेलने का प्रयास किया था जिसमें वह पूरी तरह मिस कर गए और गेंद सीधे उनके हेलमेट पर जाकर लग गई। गेंद इतनी तेज की थी कि लगते ही बल्लेबाज जमीन पर बैठ गया। समरविक्रमा के मुंह पर गेंद लगते ही डग आउट से फिजियो और डॉक्टर की टीम ने दौड़ लगाई तुरंत जरूरी उपचार किया गया। हालांकि इस दौरान अंपायर ने बल्लेबाज से पूछा कि वह ठीक हैं या नहीं, इस पर समरविक्रमा ने बल्लेबाजी को जारी रखने का फैसला किया। समरविक्रमा टीम के लिए अच्छे लय में लग रहे थे लेकिन वह 48 रन के स्कोर पर स्टंप आउट हो गए।